web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 18 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 168

# मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ नक्सल उन्मूलन की नई नीति का किया अनुमोदन

- शासन की विकास, विश्वास, सुरक्षा की त्रिवेणी कार्ययोजना पर आधारित है नीति
- शहीदों के परिजनों को अतिरिक्त राहत राशि के रूप में कृषि भूमि क्रय किये जाने 20 लाख रूपये की राशि का प्रावधान
- 5 लाख या अधिक के सक्रिय ईनामी नक्सली को आत्मसर्पण पर 10 लाख की अतिरिक्त राशि का प्रावधान
- नई नीति में अन्य राज्यों के पीड़ित व्यक्ति को भी मुआवजा हेतु किया गया है पात्र

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ उन्मूलन नीति का अनुमोदन किया गया है। इस नीति मे मुख्य बिन्दु इस प्रकार है:-

1. यह शासन की विकास- विश्वास सुरक्षा की त्रिवेणी कार्ययोजना पर आधारित है। इस नीति में विभिन्न विभागो द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि क्षेत्रों में किये जाने वाले कार्यो / लक्ष्यों का उल्लेख किया गया है। ग्राम पंचायतों के निवासियों को शासकीय योजनाओं का लाभ विभिन्न विकास मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन 'मनवा नवा नार' योजना के तहत् समग्रित विकास केन्द्रों की स्थापना अनुसूचित क्षेत्रों / वन क्षेत्रों हेतु लागू कानूनों / नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना आदि बहुआयामी लक्ष्यों / उद्देश्यों को रेखांकित किया गया है।

2. पुलिस बल के शहीदों के परिजनों को अतिरिक्त राहत राशि के रूप में 20 लाख रूपये की राशि कृषि भूमि क्रय किये जाने के उद्देश्य से दिया जाना तथा 03 वर्ष के भीतर कृषि भूमि क्रय करने पर 02 एकड़ भूमि तक स्टॉम्प ड्यूटी / पंजीयन शुल्क में पूर्ण छूट प्रदान की गयी है। घायल जवानों को आवश्यकता होने पर कृत्रिम अंग प्रदान किये जाने की व्यवस्था की जाएगी।

3. नीति में नक्सल व्यक्तियों / परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास हेतु प्रावधान बनाये गये है । पुनर्वास हेतु निर्णय के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का प्रावधान है। पुनव्र्यस्थापन में कठिनाई होने पर राज्य स्तर पर अपर मुख्य / प्रमुख सचिव गृह की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी है। पुनर्वास हेतु विभिन्न विभागों द्वारा अनेक प्रकार के लाभ / सुविधाओं का प्रावधान किया गया है।

4. नक्सल पीड़ित व्यक्तियों हेतु प्रमुख प्रावधानों में हत्या / मृत्यु, चोट, संपत्ति एवं जीविकोपार्जन क्षति - पर पूर्व में देय मुआवजा राशि में दो गुना तक वृद्धि की गयी है। आवश्यकता होने पर कृत्रिम अंग समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा। विभिन्न प्रकार की सुविधाओं में स्वयं / बच्चों की शिक्षा, छात्रावास, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ, खाद्य विभाग की योजनाओं का लाभ, स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ा जाना, नियमानुसार विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जाना आदि का उल्लेख है।

परिवार के कमाने वाले व्यक्ति की हत्या प्रकरण में अनुकम्पा नियुक्ति की तर्ज पर शासकीय सेवा प्रदान की जाएगी। यदि शासकीय सेवा नहीं दी जाती तब कृषि भूमि क्रय करने हेतु 15 लाख की अतिरिक्त राशि दी जाएगी तथा 03 वर्ष में कृषि भूमि क्रय करने पर 02 एकड़ तक भूमि पर स्टॉम्प ड्यूटी / पंजीयन शुल्क में पूर्ण छूट दी जाएगी।

5. आत्मसमर्पित नक्सलियों हेतु प्रमुख प्रावधानों में समर्पित राउण्ड के लिए प्रति राउण्ड 05 रूपये के जगह 50 रूपये दिये जायेंगे। प्रत्येक नक्सली को समर्पण पर प्रोत्साहन हेतु 25 हजार रूपये की राशि दी जाएगी। नक्सल पीड़ित के समान ही आत्मसमर्पित नक्सलियों को विभिन्न विभागों द्वारा अनेक प्रकार की सुविधाओं / लाभ प्रदान करने हेतु विचारण / कार्यवाही की जाएगी।

सक्रिय 05 लाख या अधिक के ईनामी नक्सली को आत्मसर्पण पर 10 लाख की राशि पृथक से दी जाएगी ( यह राशि उसके ऊपर घोषित ईनाम राशि तथा समर्पित हथियार के बदले देय मुआवजा राशि के अतिरिक्त होगी) । यह राशि बैंक में सावधि जमा की जाएगी तथाइसका ब्याज समर्पित नक्सली को दिया जाएगा। 03 वर्ष पश्चात् चाल चलन की समीक्षा उपरांत यह राशि प्रदान की जाएगी। यदि समर्पित नक्सली द्वारा 03 वर्ष के भीतर कृषि भूमि क्रय की जाती है तब 02 एकड़ तक भूमि पर स्टॉम्प ड्यूटी / पंजीयन शुल्क में पूर्ण छूट दी जाएगी।

6. नई नीति में:- अन्य राज्यों के पीड़ित व्यक्ति को भी मुआवजा हेतु पात्र किया गया है। नक्सल पीड़ित / आत्मसमर्पित नक्सली जिसके द्वारा नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को विशेष सहयोग किया गया हो तथा जिसे इस कारण स्वयं की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया हो, ऐसे प्रकरणों में पुलिस महानिरीक्षक रेंज उसे पुलिस विभाग में निम्नतम पदों पर भर्ती कर सकेंगे ।

सभी विभागों को नई नीति लागू करने के लिये नियमों / प्रावधानों में संशोधन हेतु 60 दिन का समय दिया गया है। छ.ग. लोक सेवा गांरटी अधिनियम के प्रावधान यथावत् लागू होंगे। छ.ग. नक्सल उन्मूलन नीति लागू होने की तिथि से 05 वर्ष के लिये प्रभावी रहेगी।

# छग मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक 2023 का प्रारूप विधानसभा में अनुमोदित


- भू राजस्व संहिता 1959 में महत्वपूर्ण संशोधन हुआ
- विधानसभा सदस्य के वेतन भत्ते का प्रारूप संशोधित
- विश्व बैंक से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए 25 सौ करोड़ का प्रावधान

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में मंत्री परिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए:- छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक- 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता-1959 में (संशोधन) विधेयक 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ते एवं पेंशन (संशोधन) विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए करीब 2500 करोड़ रूपये की विश्व बैंक परियोजना-चाक के क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया तथा ऋण को अंतिम रूप से स्वीकृति प्रदान करने के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 बरमिंघम में सिल्वर मेडल प्राप्त कु. आकर्षी कश्यप, दुर्ग को उप पुलिस अधीक्षक (द्वितीय श्रेणी राजपत्रित) पद पर नियुक्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी का नवीन पद अस्थाई रूप से एक वर्ष की अवधि के लिये निर्मित किये जाने का निर्णय लिया गया।

# बहुमंजिला अपार्टमेंट में लगी भयंकर आग, 4 महिलाओं समेत 6 की मौत

**सिकंदराबाद (आरएनएस)।** हैदराबाद के सिकंदराबाद में एक अपार्टमेंट में भयानक आग लग गई। स्वप्नलोक परिसर में लगी इस आग में 6 लोगों की मौत हो गई है। जिनमें 4 महिलाएं बताई गई हैं। आग पर तो काबू पा लिया गया है लेकिन आग ने बुझने से पहले 6 लोगों की जान ले ली। जानकारी के अनुसार, स्वप्नलोक कॉम्प्लेक्स में आग रात करीब 8 बजे आग लगी थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस आगजनी में मरने वालों की पहचान शिवा, प्रशांत, प्रमिला, श्रावणी, वेनेला और त्रिवेणी के रूप में की गई है। मीडिया ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि मौत का कारण धुएं में सांस लेना हो सकता है। हालांकि, सही कारण जांच के बाद पता चलेगा।



प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। अधिकारी ने कहा, हमें सूचना मिली है कि छह लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। 12 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया और उनमें से छह की एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि बाकी का अभी भी इलाज चल रहा है। रिपोर्टों से पता चलता है कि पीड़ित तेलंगाना के वारंगल और खम्मम जिलों के थे। वे एक मार्केटिंग कंपनी में कार्यरत थे, जिसका परिसर में एक कार्यालय था।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर कार की ट्रक से टक्कर में 3 लोगों की मौत

**पुणे (आरएनएस)।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर शनिवार को खड़े सामान से लदे एक ट्रक में एक तेज रफ्तार कार के टकरा जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यहां यह जानकारी दी। दुर्घटना उर्से गांव के पास सुबह करीब 7.30 बजे हुई, जब कार ट्रक से टकरा गई, जिसका टायर फट गया था। एक स्थानीय चश्मदीद ने कहा कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार लगभग पूरी तरह से लोडेड ट्रक के नीचे आ गई और कुचल गई, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में वाहन चालक और दो अन्य शामिल हैं और दुर्घटना एक्सप्रेसवे के सबसे व्यस्त स्थानों में से एक पर हुई। मृतकों में दो की पहचान राहुल बी कुलकर्णी (45) और विजय वी खैरे (70) के रूप में हुई है, जबकि तीसरे मृतक की पहचान की जा रही है। दुर्घटना के बाद, राजमार्ग के प्रभावित मुंबई-पुणे हिस्से पर ट्रैफिक जाम हो गया था, जिसे स्थानीय पुलिस, राजमार्ग गश्ती और स्वयंसेवी समूहों द्वारा जल्द ही साफ कर दिया गया था। हालांकि दुर्घटना के सटीक कारण स्पष्ट नहीं हैं, पुलिस को संदेह है कि चालक ने शायद नियंत्रण खो दिया होगा या गाड़ी चलाते समय नींद आ गई होगी।

# फिर बदला मौसम का मिजाज, पंजाब-हरियाणा सहित कई राज्यों में बरसेंगे बादल; आईएमडी ने फिर जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हिमालय में बनी चक्रवाती परिस्थितियों के चलते दक्षिण से उत्तर भारत तक मौसम तेजी से बदल रहा है। बीते 24 घंटों में देश के कई राज्यों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आने के साथ ही लोगों कों गर्मी से राहत मिली है। इसके अलावा पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में बर्फबारी भी हुई है। हालांकि, इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। आईएमडी ने किसानों को पंजाब और हरियाणा में सरसों की फसल की कटाई फिलहाल टालने की सलाह दी है। साथ ही साथ महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में किसानों को गेहूं और दलहनों की फसलों की कटाई भी रोकने को कहा है।



आईएमडी ने किसानों से कहा है, पंजाब और हरियाणा में बारिश बंद होने तक सरसों की कटाई रोक दें। यदि फसल पहले ही काटी जा चुकी है, तो नुकसान से बचने के लिए सुरक्षित स्थानों पर उसका भंडारण करें। इसके अलावा गेहूं की फसलों की सिंचाई भी रोक दें। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में सेब, नाशपाती, बेर और आड़ू के बागों के साथ-साथ मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में फलों के बागानों की सुरक्षा के लिए 'ओला जाल' के उपयोग की सलाह दी है।

मौसम विभाग का कहना है कि कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में अगले चार दिनों तक आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश हो सकती है। साथ ही जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी बारिश के आसार हैं।

ईरान की तरफ से आए पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी-पश्चिमी हवाओं के मिलन से लखनऊ समेत पूरे उत्तर प्रदेश का मौसम बदल गया है। गुरुवार को सुबह से ही बादलों की आवाजाही शुरू हो गई थी। शाम शुरू होते ही कई स्थानों पर बूंदाबांदी होने लगी। शुक्रवार को मौसम और खराब हो सकता है। लखनऊ समेत मध्य एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में बादलों की सात गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। वहीं उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बादलों के अलावा तेज बरसात हो सकती है। तापमान में भी गिरावट होगी। गुरुवार सुबह ही मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी थी। दोपहर करीब 12 बजे बादलों की आवाजाही शुरू हो गई थी। दिन का पारा 35 से 33 डिग्री आ गया। शाम होते ही हवाओं की गति भी बढ़ी और बूंदाबांदी शुरू हो गई। शाम सात बजे के आसपास कहीं तेज तो कहीं धीमी बूंदाबांदी हुई।

# पटना से शिक्षक के पुत्र का अपहरण, पुलिस जांच में जुटी

**पटना(आरएनएस)।** बिहार की राजधानी पटना से लापता चिकित्सक डॉ संजय कुमार को पुलिस अभी ढूंढ पाने में सफल हो भी नहीं पाई है कि बिहटा थाना क्षेत्र से एक शिक्षक के पुत्र के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस अब पूरे मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, बिहटा प्रखंड स्थित कन्हौली गांव निवासी शिक्षक राज किशोर पंडित के इकलौते पुत्र तुषार कुमार गुरुवार की शाम घर से बाहर निकला था और अब तक उसका पता नहीं चल सका है। तुषार कक्षा छह का छात्र है।

सूत्रों के मुताबिक, अपहरणकर्ताओं ने छात्र के मोबाइल से वाट्सएप कॉल के माध्यम से उसके परिजनों से 40 लाख रुपये की मांग की और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है।

पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि अपहृत किशोर तुषार की बरामदगी के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

नगर पुलिस अधीक्षक, पश्चिम एवं अपर पुलिस अधीक्षक, पालीगंज घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की है। अनुसंधान के लिए विशेष जांच दल का गठन किया गया है, जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री से संबंधित विभागों के लिए 13 हजार 325 करोड़ रूपए से अधिक राशि की अनुदान मांगें पारित

- विकास की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री
- जनहित में लागू नवाचार योजनाओं का दिख रहा सकारात्मक परिणाम



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में अपने विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में मजबूती के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ में ऋण भार बजट का 17.9 प्रतिशत है, अन्य प्रदेश की तुलना में छत्तीसगढ़ की स्थिति बेहतर है। आम जनता की सुविधा हेतु नए जिले, तहसीलें और अनुविभाग बनाए गए। भेंट-मुलाकात में आम जनता से सीधा संवाद करने से बहुत सारी समस्याओं का त्वरित निवारण हो रहा है। हमारी सरकार ने कई नवाचार किए हैं, इसके लिए नवाचार आयोग बना रहे हैं। इसके तहत छत्तीसगढ़ में लोगों के विकास के लिए नई-नई योजनाओं तथा कार्यक्रमों का बेहतर ढंग से संचालन हो रहा है। प्रधानमंत्री जी भी छत्तीसगढ़ के नवाचारों की चर्चा करते हैं। नीति आयोग की बैठक में और व्यक्तिगत मुलाकातों में भी इसकी जरूर चर्चा होती है।

मुख्यमंत्री बघेल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राज्य में दिनों-दिन अंडरग्राउंड वॉटर नीचे जा रहा था, इसे रोकने के लिए नरवा कार्यक्रम हमने शुरू किया। जिसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगा है। नवीन पेंशन योजना की जगह पर पुरानी पेंशन योजना लागू की गई है, इसके लिए प्रावधान किया गया है। इससे राज्य में कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित हुआ है। राज्य में 1 नवम्बर 2004 से लागू की गई नवीन अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर 1 अप्रैल 2022 से समस्त शासकीय सेवकों हेतु पुरानी पेंशन योजना बहाल की गई। इसके फलस्वरूप भविष्य में पेंशनरी दायित्वों के भुगतान हेतु गठित पेंशन निधि में निवेश के लिए 250 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत 11 हजार 256 करोड़ रूपए का अनुदान दिया गया है। प्रदेश में हाफ बिजली बिल योजना के तहत मार्च 2019 से दिसम्बर 2022 तक लगभग 42.20 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को 3453.17 करोड़ रूपए की तथा ग्रामीण औद्योगिक पार्क एवं 334 गौठानों के कनेक्शन को रियायत प्रदान की जा चुकी है। राज्य में 20 हजार 550 पंपों का विद्युतीकरण मार्च 2023 तक पूर्ण करने की योजना है। छत्तीसगढ़ में बिजली की कमी नहीं है, जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्रीपेड मीटर के क्षेत्र में भी हम आगे बढ़ रहे हैं। राज्य में बिजली की लगातार डिमांड बढ़ रही है, इसे ध्यान में रखकर नए उपकेंद्र खोलने की कार्य योजना बनाई जा रही है। राज्य शासन द्वारा 1320 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना की स्थापना के संबंध में निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पत्रकार भयमुक्त वातावरण में स्वंत्रत होकर कार्य कर सके, इस दिशा में भी हम प्रभावी तरीके से उपाय सुनिश्चित कर रहे हैं। पत्रकार साथियों के लिए अधिमान्यता नियमों का सरलीकरण किया गया है। अधिमान्यता का कोटा दोगुना करने से अधिमान्य पत्रकारों की संख्या 400 से बढक़र 600 तक पहुँच गई है। इसी तरह सम्मान निधि को 5000 से बढ़ाकर 10,000 रूपए की गयी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हित में पत्रकार गृह निर्माण ऋण ब्याज अनुदान योजना लायी गई है। जिससे पत्रकार साथियों के स्वयं के घर का सपना पूरा हो सके। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में गृह निर्माण ऋण ब्याज अनुदान के लिए 50 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ के हित में कोई बात है तो, इसके लिए लडऩा भी पड़े तो, हम पीछे नहीं रहेंगे। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे हैं, जो गलत किया, उसे सजा मिलना चाहिए। छत्तीसगढ़ में हजारों करोड़ रूपए का चिट-फंड पकड़ाया, दोषी लोग जेल में हैं, उनकी संपत्तियां नीलाम कर पीड़ित लोगों को राशि लौटाने का काम किए हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नौकरी से हटाया, तो 15 कारों पर उड़ेला तेजाब

**नोएडा (आरएनएस)।** सेक्टर-75 स्थित मैक्सब्लिस व्हाइट हाउस सोसायटी में काम से हटाने जाने से नाराज एक सफाईकर्मी ने 15 कारों पर तेजाब उड़ेल दिया। इस संबंध में सोसायटी के सिक्योरिटी ऑफिसर ने आरोपित के खिलाफ सेक्टर-113 कोतवाली में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान हरदोई निवासी रामराज के रूप में हुई है। वह होशियारपुर गांव में किराये के मकान में रहता है और सेक्टर-75 की सोसायटी में कारों की सफाई का काम करता था। गत दिवस उसे सोसायटी वालों ने काम से हटा दिया था। इसके बाद से नाराज था। इस कारण सुबह नौ बजे आरोपी सोसायटी के पार्किंग में तेजाब की बोतल के साथ पहुंचा। उसने कारों पर तेजाब उड़ेल दिया। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। घटना के बाद वह फरार हो गया, लेकिन सोसायटी के सुरक्षागाडरें ने उसे पकडक़र पुलिस को सूचित किया। आरोपी 2016 से सोसायटी में काम कर रहा था। लगभग एक हफ्ते पहले उसे सही से काम नहीं करने पर हटा दिया। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र कुमार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पूर्व अग्निवीरों को एक और तोहफा, अब सीआईएसएफ में 10प्रतिशत कोटा रिजर्व- उम्र सीमा में भी छूट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में रिक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है। मंत्रालय ने एक सप्ताह पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में भी उनके लिए ऐसा ही कदम उठाया था। मंत्रालय ने अधिकतम आयु सीमा में छूट देने की भी अधिसूचना जारी की है जो इस पर निर्भर करेगी कि वह अग्निवीर के पहले बैच के हैं या बाद के बैच के। अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता परीक्षा में भी छूट दी जाएगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968, (1968 का 50) के तहत बनाए गए नियमों में संशोधन के बाद एक अधिसूचना के माध्यम से यह घोषणा की गई। अधिसूचना में कहा गया है कि 10 प्रतिशत रिक्तियां पूर्व-अग्निवरों के लिए आरक्षित होंगी। मंत्रालय ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में पांच साल तक और अन्य बैचों के उम्मीदवारों के लिए तीन साल तक की छूट दी जाएगी।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज 1449.68 करोड़ लागत की विभिन्न 353 परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण एवं शिलान्यास

**लखनऊ (आरएनएस )** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षा मंत्री 2 दिवसीय दौरे पर 18 मार्च को प्रात: 11:00 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे।एयरपोर्ट से सीधे ऐशबाग रामलीला ग्राउंड के लिए रवाना होंगे और वहां लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत 5-ए कालिदास मार्ग आवास जाएंगे।अपराह्न 3:30 कॉल्विन कॉलेज ग्राउंड पर 1449.68 करोड़ लागत के विभिन्न 353 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे ।सायं 5:30 बजे डिवाइन हॉस्पिटल विराज खंड गोमती नगर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।रविवार 19 मार्च को अपराह्न 3:30 इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर के लिए रवाना होंगे और वहां माटी के मसीहा पुस्तक के विमोचन हेतु कार्यक्रम में सम्मिलित हो।

### राजधानी में मिला प्रदेश का पहला एच3एन2 संक्रमित, स्वास्थ्य विभगा अलर्ट मोड में आया

**भोपाल (आरएनएस)।** गत दिवस मध्यप्रदेश के भोपला के बैरागढ़ में युवक की एच3एन2 वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग इस वायरस को लेकर गंभीर दिखने लगा है। यहां स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के प्रत्येक जिलों को अलर्ट में रहने को कहा है, ताकि गंभीर स्थिति होने से पहले ही इस नई आफत से निपटा जा सके। ऐसे रखें खुद का ख्याल - देश में एच3एन2 के मामले तेजी से बढ़ते हुए देख एक्सपर्ट लोगों को न घबराने की सलाह दे रहे हैं।